तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 6 जुलाई 2025


10 धोखाधड़ी करने वाले दो स्टेट के चार शातिर गिरफ्तार



11 अब वक्त आ गया है शिक्षा और विकास की रोशनी ...





## खबर संक्षेप



### स्काउट्स एवं गाइडस करेगा पौधारोपण 7 को

**जगदलपुर।** स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट शाउमावि घाटलोहंगा में भारत स्काउट्स एवं गाइडस के द्वारा 7 जुलाई को पौधारोपण किया जाएगा। कलेक्टर हरिस एस से महापौर संजय पाण्डे की उपस्थिति में जिला सचिव लिलेश देवांगन एवं डीओसी दसरुराम यादव ने इस विषय पर चर्चा की।

### कर्मचारी करेंगे विरोध प्रदर्शन

**जगदलपुर।** कलेक्टर कबीरधाम की हिटलरशाही और सामंतवादी सोच का परिणाम है कर्मचारियों को कान पकड़कर माफी मंगवाना। इसी के विरोध स्वरूप छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन पूरे छत्तीसगढ़ के जिला मुख्यालय में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है। 7 जुलाई को संध्या 4.30 बजे पानी टंकी सिटी ग्राउंड के पास उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। इस बात की जानकारी छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन संभाग प्राभारी कैलाश चौहान,संभाग अध्यक्ष गजेंद्र श्रीवास्तव, जिला संयोजक आरडी तिवारी ने सयुंक्त रूप से दी है।

### संदिग्ध व्यक्ति की तुरंत दें सूचना : टीआई



**जगदलपुर।** लोहन्डीगुडा थाना प्रभारी रवि बैगा ने होम स्टे, लॉज और ढाबा वाले की बैठक लेकर संदिग्ध व्यक्ति की सूचना थाना में तुरंत देने को कहा । उन्होंने कहा कि संदीप नाम का व्यक्ति 15 दिन से कहीं रूका है उसकी सूचना दें। नशापान नही कराना है। सभी को सीसीटीवी लगाकर जिम्मेदार नागरिक का परिचय देते हुए पुलिस को सहयोग करने की बात कही। बैठक थाना लौहन्डीगुडा में शनिवार को हुई।

### संस्कार द स्मार्ट स्कूल ने मनाया स्थापना दिवस



**जगदलपुर।** शनिवार को संस्कार द स्मार्ट स्कूल ने बालाजी मंदिर प्रांगण में 17 वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतीकरण दिया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला के शिक्षक व शिक्षिकाओं ने योगदान दिया । कार्यक्रम में संस्थापक नारायण भावसार, प्राचार्या ऐनी पॉल रएडमिन एलेक्श मैथ्यू एवं एन.एम.डी.सी. प्राचार्या बिल्ली पाउस तथा अन्य लोग मौजूद थे।

### बारिश में जुटे सफाईकर्मियों को मिला रेनकोट



**जगदलपुर।** बारिश के बीच शहर को साफ सुथरा रखने में जुटे सफाई कर्मियों के प्रति महापौर संजय पांडे की संवेदनशीलता के कारण सफाई कर्मियों को रेनकोट बांटने का निर्णय लिया गया। शहर के कई इलाकों में जल भराव की स्थिति बनी हुई है। नगर निगम के सफाई कर्मचारी दिन-रात पानी की निकासी और सफाई कार्य में लगे हुए हैं। शुक्रवार को महापौर के दिशा निर्देश पर गुरु गोविंद सिंह वार्ड, लोकमान्य तिलक वार्ड, कुशा भाऊ ठाकरे वार्ड एवं अटल बिहारी वाजपेई वार्ड के सफाई कर्मचारियों को पार्षद संग्राम सिंह राणा एवं पूनम रितेश सिन्हा की उपस्थिति में रेनकोट प्रदाय किया गया। जिन कर्मचारियों को सम्मान किया गया उनमे शेष पेज 10 पर

# मेंटनेंस के चलते शहर में 7 घंटे तक रही बत्ती गुल, उपभोक्ता हुए परेशान

## जगदलपुर एवं धरमपुरा जोन में हुआ बिजली लाइन मेंटनेंस का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

विद्युत कंपनी ने शहर के जगदलपुर एवं धरमपुरा जोन में उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए शनिवार को मानसून पूर्व रख-रखाव कार्य किया गया। जिससे शहर में लगभग 7 घंटे बिजली बंद रही, जिससे उपभोक्ता परेशान रहे।

वहीं दूसरी ओर डीई के निर्देश पर सहायक अभियंता निरंजन सिंह कंवर, एसआर भद्रे, कनिष्ठ अभियंता डीसी मांझी, चिराग साहू, बीएस उरांव, रश्मि ध्रुव के नेतृत्व में लगभग दो दर्जन लाईनमेन विद्युत लाईन का मेंटनेंस एवं ट्री कटिंग में जुटे रहे। इससे लालबाग, भंगाराम चौक, सिविल लाईन, बस्तर क्लब, जेल कॉलोनी, पुलिस कॉलोनी, जेल चौक, वायर लेस कॉलोनी, पथरागुड़ा, चूनाभट्टी, माता मंदिर, भगत सिंह स्कूल, नेहरु मंच, शिव मंदिर रोड, सनसिटी हाऊसिंग बोर्ड, अटल आवास, साई कमर्शियल, माड़िया चौक से केंद्रिय विद्यालय, महावीर कॉलोनी, लाईभट्टी, विकास नगर, आनंद नगर, देवकी विहार, रेड्डी कॉलोनी, पंचायत भवन के आसपास, आश्रम रोड, धरमपुरा मार्केट एवं ग्रामीण बैंक धरमपुरा क्षेत्र के उपभोक्ता प्रभावित रहे।

काम में जुटे रहे 2 दर्जन लाइनमेन



### उपभोक्ताओं की सुविधा पर कर रहे मेंटनेंस

*विद्युत कंपनी जगदलपुर (शहरीय) संभाग के कार्यपालन अभियंता एचके ध्रुव ने बताया कि मानसून पर बिजली सुविधा के लिए मेंटनेंस किया जा रहा है। मेंटनेंस के दौरान लाईन से सटे पेड़ों के डगालों की कटिंग की जा रही है, जिससे हवा में बिजली सेवा प्रभावित न हो सके।*

## राहत : मालगाड़ी शाम को घटना स्थल से गुजरी

# तीन दिन के भीतर केके रेल लाइन बहाल डीआरएम की निगरानी में चला राहत कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन 7 जुलाई तक निरस्त

वॉल्टेयर मंडल के जाराती-मल्लिगुड़ा खंड के बीच भूस्खलन स्थल पर प्रतिकूल मौसम के बावजूद बहाली कार्य तेज़ गति से चल रहा है। रायगढ़ा रेल मंडल के डी आ र ए म अमिताभ सिंघल के नेतृत्व में वरिष्ठ अधिकारी भारी मशीन और उपकरणों के साथ स्थल पर पहुंचे हैं। इधर विशाखपट्नम रेल मंडल के डीआरएम ललित बोहरा भी कार्यों की निगरानी के लिए स्थल पर मौजूद थे। बाधित केके रेल लाइन को सुधार व मरम्मत कार्य के लिए 16 भारी-भरकम खुदाई करने वाली मशीनें और 400 से अधिक लोग मलबा हटाने जुटे हैं।

शुक्रवार शाम तक पटरी के ऊपर जमा पूरा मलबा हटा लिया गया था। जिसके बाद बाधित केके रेल लाइन कोरापुट-जैपुर खंड में भूस्खलन के तीन दिन बाद ही ट्रेन सेवाएं बहाल किया गया। ईस्ट कोस्ट रेलवे ने कोरापुट-किरंदुल लाइन के जरटी और मल्लिगुड़ा स्टेशनों के बीच 2 जुलाई को मूसलाधार बारिश के कारण भूस्खलन से बाधित खंड की बहाली का कार्य दो शेष पेज 10 पर



### 16 खुदाई करने वाली और भारी मशीनों का सहारा

मौके पर 16 खुदाई करने वाली और भारी मशीनों को लगाया गया। 300 से अधिक कर्मी जिनमें इंजीनियर, तकनीकी कर्मचारी और ज़मीनी स्तर पर काम करने वाले कर्मचारी शामिल थे। डिविजनल रेलवे मैनेजर और वरिष्ठ अधिकारियों की प्रत्यक्ष निगरानी में चौबीसों घंटे कार्य करते रहे।

### चट्टानों के मलबे से ढका रहा रेल ट्रैक

भूस्खलन के कारण कोरापुट और किरंदुल के बीच ट्रेन परिचालन प्रभावित हुआ था क्योंकि ट्रैक का एक बड़ा हिस्सा लगभग 25,000 घन मीटर मिट्टी और पत्थरों के मलबे से ढक गया था। कठिन पहाड़ी भू-भाग और लगातार बारिश के बावजूद बहाली टीमों ने त्वरित योजना और संसाधनों की तेज़ तैनाती के साथ तुरंत कार्य शुरू कर दिया गया।



### डीआरएम घटना स्थल पर रहे मौजूद

डीआरएम वॉल्टेयर मंडल ललित बोहरा,डीआरएम रायगढ़ा अमिताभ सिंघल, अतिरिक्त डीआरएम और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यों की व्यक्तिगत निगरानी की और सुनिश्चित किया कि बहाली कार्य सुचारू और तेजी से हो। 4 जुलाई की शाम तक प्रभावित ट्रैक को संचालन योग्य घोषित कर दिया गया। सुरक्षा के लिहाज से प्रभावित स्थल पर ट्रेनों को सीमित गति से चलाने की अनुमति दी गई है। ओवरहेड उपकरण (ओएचई), सिग्नलिंग और अन्य सुरक्षा प्रणालियों से संबंधित कार्य भी लगातार प्रगति पर है।

### जीएम ने अधिकारियों कर्मचारियों की सराहना की

ईस्ट कोस्ट रेलवे के महाप्रबंधक परमेश्वर फुंकवाल ने कार्यबल के समर्पण और अधिकारियों के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा यह तेज़ बहाली कार्य विपरीत मौसम और कठिन भौगोलिक स्थितियों के बावजूद समर्पण,समन्वय और कार्यकुशलता का एक शानदार उदाहरण है।

# परिवहन नियमों के उल्लंघन पर उड़नदस्ते ने की सख्त कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- 1742 वाहनों पर ठोंका गया 57 .50 लाख का जुर्माना

बस्तर संभाग के रायपुर, कोंटा, किरंदुल, बीजापुर, ओडीसा रोड में वाहन के चालक बेखौफ परिवहन नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इस पर विभाग के मुख्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी की टीम ने एक माह में विभिन्न सड़कों में चल रही वाहनों की जांच की।

इस दौरान सीमावर्ती राज्य महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, उत्तरप्रदेश, ओडीसा आदि राज्यों के वाहन परिवहन नियमों उल्लंघन करते मिले। ऐसे 1742 वाहनों पर 57 लाख 50 हजार 331 रूपए का जुर्माना किया गया, उड़नदस्ता टीम की कार्रवाई से वाहन चालकों एवं मालिकों में हड़कंप मच गया। ओव्हरलोड एक वाहनों पर 47000, बकाया टैक्स के 55 वाहनों से 28 लाख 06 हजार 831, ई-चालान में 68 वाहनों से 8 लाख 80 हलार 100 रूपए की कार्रवाई की। मुख्यालय की ओर से उड़नदस्ता प्रभारी को एक माह में 20 लाख रूपए का राजस्व लक्ष्य है पर जगदलपुर शेष पेज 10 पर

# 35 स्कूल बसों की जांच में 10 का पंजीयन निलंबित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- सुप्रीम कोर्ट की गाईड लाईन का उल्लंघन

परिवहन विभाग के आरटीओ एवं परिवहन निरीक्षक द्वारा जांच के दौरान सुप्रीम कोर्ट के दिए गए गाइडलाइंस के अनुसार 15 स्कूल बसों में कैमरा नहीं लगा होना पाया गया। अनियमितताओं को देखते हुए मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 53 के अनुसार क्षेत्रीय परिवार अधिकारी ने 10 स्कूल बसों का पंजीयन आज से 3 माह की अवधि के लिए निलंबित कर दिया। इसके साथ ही परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाले अन्य पांच स्कूल बसों सहित 15 स्कूल बसों को 5000-5000 रूपए का जुर्माना लगाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के गाईड लाईन अनुसार समस्त उपकरणें स्पीड लिमिट डिवाईस, व्हीएलटी डिवाईस, सीसीटीव्ही कैमरा एवं अन्य समस्त उपकरण लगाकर आड़ावाल स्थित आरटीओ कार्यालय में समस्त दस्तावेजों जैसे परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण, स्पीड लिमिट डिवाईस, व्हीएलटी डिवाईस, पेनिक बटन एवं खिड़की शेष पेज 10 पर

### स्वास्थ्य परीक्षण शिविर पहुंचे चालक

इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें स्कूल बस के चालक, परिचालक का नेत्र परीक्षण, स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। समस्त स्कूल अटेन्डेन्टस को परिचालक लायसेंस प्राप्ति हेतु स्वास्थ्य विभाग में जाकर एक सप्ताह का पशिक्षण प्राप्त कर सर्टिफिकेट के साथ परिचालक लायसेंस के लिए आवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

### बच्चों के साथ खिलवाड़ ना करें

परिवहन विभाग के निरीक्षक एसके झा ने बताया कि स्कूल प्रबंधन बच्चों के साथ खिलवाड़ ना करें। जांच में नहीं पहुंचे स्कूल बसों को स्कूल प्रबंधन में जाकर जांच कर जप्ती की जाएगी।

### स्कूल संचालकों को देंगे नोटिस

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि जांच में नहीं पहुंचे 54 स्कूल बसों के परमिट, फिटनेस निरस्त करते हुए ब्लैक लिस्टेड करने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही स्कूल संचालकों को नोटिस दिया जाएगा।

# शहर को स्वच्छ व सुंदर रखना हमारा दायित्व है : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने भी स्वच्छता अभियान में दिया योगदान

शहर के महाराणा प्रताप चौक से स्वच्छता महाअभियान चलाया गया । जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव व महापौर संजय पांडे शामिल होकर सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। राष्ट्रीय राजमार्ग में सड़क के दोनों तरफ के झाड़ियों व डिवाइडर में साफ सफाई किया गया । किरण देव ने फावड़ा लेकर साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश देकर जनता से शहर को स्वच्छ, सुंदर व व्यवस्थित रखने में सहयोग करने की अपील की । उन्होंने कहा कि नगर निगम प्रशासन के द्वारा लगातार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है । शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में सभी का सहयोग जरूरी है। हम सभी शहरवासी मिलकर वार्ड एवं शहर को स्वच्छ सुंदर रखने में अपना कर्तव्य निभायेंगे। उन्होंने अपील करते हुये कहा कि हम संकल्प लें कि कचरा को नाली व सड़क पर नहीं फेंकेंगे। हम अपने आसपास के क्षेत्र को हमेशा स्वच्छ व सुंदर रखेंगे। साथ ही कचरे को डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहन में कचरा पृथक पृथक कर डालेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहर को स्वच्छ रखने में निगम का सहयोग करना है। महापौर संजय पांडे ने कहा शहर को स्वच्छ व सुंदर व्यवस्थित बनाने के लिए नगर निगम प्रशासन लगातार अभियान चलाकर कार्य कर रहा है । शहर को स्वच्छ रखने में हम सभी को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। शहर को स्वच्छ सुंदर रखना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने शहरवासियों शेष पेज 10 पर



## श्रीमंदिर पहुंचने पर गर्भगृह का दरवाजा बंद कर महालक्ष्मी ने प्रगट की नाराजगी

# कपाटफेड़ा पूजा विधान के बाद प्रभु जगन्नाथ स्वामी पहुंचे श्री मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- रथ में विराजमान होने व परिक्रमा के बाद श्री मंदिर पहुंचे जगन्नाथ स्वामी

बस्तर गोंचा पर्व देव स्नान शुक्ल पक्ष पूर्णिमा चंदन जात्रा पूजा विधान से प्रारम्भ बस्तर गोंचा पर्व भगवान जगन्नाथ के परंपरानुसार विविध पूजा अनुष्ठानों व 15 दिवसीय अनसर काल, नेत्रोत्सव, श्रीगोन्चा रथयात्रा, हेरापंचमी, 56 भोग का अर्पण किया गया। शनिवार को बहुड़ा गोंचा रथयात्रा कपाटफेड़ा पूजा विधान के साथ प्रभु जगन्नाथ अपने धाम वापस लौटे। रविवार को देवशयनी एकादशी पूजा विधान के साथ इस अगले वर्ष तक के लिए परायण हुआ।

श्रीगोन्चा रथयात्रा पूजा विधान के तहत भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के 22 विग्रहों को रथारूढ़ कर सिरहासार भवन स्थित गुंडिचा मंदिर जनकपुरी में स्थापित किया गया था। जनकपुरी में नौ दिन तक श्रद्धालुओं के दर्शन के साथ पर्व के विविध पूजा अनुष्ठान सम्पन्न किया गया। शुक्रवार को बाहुड़ा गोंचा रथयात्रा पूजा विधान के तहत भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के 22 विग्रहों को रथारूढ़ कर परंपरानुसार जिस मार्ग से श्रीगोन्चा रथयात्रा पूजा विधान के साथ गुंडिचा मंदिर जनकपुरी पहुचे थे। उसी मार्ग से वापस श्रीश्री जगन्नाथ मंदिर पहुचें। श्रीमंदिर पहुचने पर परंपरानुसार पूजा अनुष्ठान के बाद कपाट फेड़ा पूजा विधान के तहत महालक्ष्मी-नारायण संवाद हुआ। हेरापंचमी पूजाविधान में रूठी हुई महालक्ष्मी भगवान जगन्नाथ के वापस श्रीमंदिर पहुचने पर गर्भगृह का दरवाजा बंद कर अपनी नाराजगी प्रगट करती है। भगवान जगन्नाथ अपनी भार्या महालक्ष्मी को मनाने के प्रसंग जिसमे महालक्ष्मी शेष पेज 10 पर



### 25 दिन बाद भगवान जगन्नाथ पहुंचे श्रीमंदिर के गर्भगृह

भगवान जगन्नाथ 25 दिनों तक श्रीमंदिर के गर्भगृह से बाहर रहने के बाद शुक्रवार को बाहुड़ा गोंचा पूजा विधान के बाद पुनः श्रीमंदिर के गर्भगृह में समस्त भक्तो-श्रधालुओं के दर्शनार्थ स्थापित हुए। भगवान जगन्नाथ श्रीमंदिर के गर्भगृह में स्थापित होने के साथ ही बस्तर गोंचा पर्व की सम्पन्नता लगभग पूरी हो जाती है। 6 जुलाई आषाढ़ शुक्ल पक्ष एकादशी तिथि को देवशयनी एकादशी पूजा विधान के निरंतरता के साथ बस्तर गोंचा पर्व का परायण होगा। शुक्रवार को बाहुड़ा गोंचा रथ परिक्रमा के दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु परिक्रमा मार्ग में भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए। इस दौरान तुपकी से भगवान को सलामी देने का सिलसिला भी जारी रहा।

# उत्कल समाज ने महाप्रभु के प्रसाद किया वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर गोंचा महापर्व के बाहुड़ा गोंचा के शुभ अवसर पर उत्कल समाज द्वारा सिरहासार चौक व भैरम मंदिर पंचपथ चौक में जगन्नाथ प्रभु का प्रसाद खाजा श्रद्धालुओं को वितरित किया गया। यह प्रथम अवसर है जब उत्कल समाज द्वारा खाजा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। आज उत्कल समाज द्वारा पांच किंवटल खाजा व बूंदी प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरित किया। इस दौरान श्रृद्धालुओं को प्रसाद सेवा वितरण में महापौर संजय पांडे, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, निर्मल पानीग्राही, कुबेर देवांगन ,समाज अध्यक्ष राजेश दास, सचिव सुमित महापात्र, उपाध्यक्ष मथुरा तिवारी, कोषाध्यक्ष मनोज महापात्र, सांस्कृतिक सचिव मनीष श्रीवास्तव, शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### कातलबोड़ स्कूल में हुई मानस संगोष्ठी

**कुरूद।** शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कातलबोड़ के प्रधानपाठक महेंद्र कुमार साहू के 61वें जन्म दिवस पर मानस गोष्ठी का आयोजन शाला प्रांगण में रखा गया। अर्जुनपुरी गोस्वामी अध्यक्ष जिला राज मानस संघ धमतरी, लोकेश्वर सिन्हा अध्यक्ष मानस शक्ति केंद्र खैरा, योगेश्वर साहू सलाहकार राज मानस संघ धमतरी की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत हुई। पाठशाला में मानस गोष्ठी आयोजन की सोच राजमानस संघ के सलाहकार चम्पालाल साहू की थी। इस नवीन पहल से बच्चों में आध्यात्मिक शिक्षा का संचार हुआ। धर्म, संस्कृति की समझ विकसित हुई। मानस पठन-पाठन के प्रति बच्चों में रुचि पैदा हुई।

### जिले का दौड़ पंडरीपानी वनग्राम बनेगा राजस्व गांव

**धमतरी।** धमतरी जिले का गांव दौड़ पंडरीपानी वनग्राम को राजस्व गांव का दर्जा देने की प्रक्रिया लगभग पूर्णता पर है। जिले की नगरी तहसील के ग्राम दौड़ पंडरीपानी को राजस्व ग्राम का दर्जा देने सर्वे का काम पूरा हो गया है। इसके साथ ही इस गांव के राजस्व अभिलेख, नक्शा, खसरा आदि भी तैयार कर लिया गया है। इस गांव के तैयार राजस्व अभिलेखों का प्रारंभिक प्रकाशन कलेक्टर कार्यालय द्वारा किया जा चुका है। सभी अभिलेख संबंधित ग्राम पंचायत में आमजनों-ग्रामवासियों के अवलोकन के लिए कार्यालयीन दिवसों में उपलब्ध है। कलेक्टर कार्यालय द्वारा इन अभिलेखों से संबंधित आमजनों से दावा आपत्तियां आमंत्रित की जा रही है। हल्का पटवारी द्वारा तैयार किये गये नक्शा शीटों एवं खसरों पर जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर लिखित-मौखिक आवेदन कार्यालयीन समय में स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति संबंधित ग्राम पंचायत भवन में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

### डॉक्टर डे पर गुरुदयाल हुए सम्मानित



**कुरूद।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर डा. गुरुदयाल साहू (आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी) शासकीय आयुर्वेद औषधालय बारना का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सरपंच दीपक पटेल, सुभाष सोनवानी, डा. खिलेश साहू, तीरथलाल कुर्रे, डोमनलाल साहू, संतोष निषाद एवं शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बारना की प्राचार्य श्रीमती टेमिन साहू, शिक्षकगण श्रीमती, उमा ठाकुर, श्रीमती पूनम हिरानी, अरुणा तिर्की, कांति प्रभा, विनय पटेल, अमित कुमार खरे, रोशन साहू उपस्थित थे।

## फोन पे से 1 लाख 49 हजार 611 रुपए की हुई थी ठगी

# धोखाधड़ी करने वाले दो स्टेट के चार शातिर गिरफ्तार

**आरोपियों से बाइक, स्कूटी व हजारों रूपए नकद बरामद, लोकेशन पता कर आरोपियों तक पहुंची पुलिस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सड़क पर गिरे मोबाईल उठाकर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बस्तर पुलिस ने दो स्टेट के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के लोकेशन का पता कर पुलिस ने उनके कब्जे से बाईक, स्कूटी व हजारों रूपए नगद बरामद कर जेल भेजने में कामयाब रही।

ठगी कि रिपोर्ट के बाद एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी आकाश श्रीश्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बस्तर सुरेश कुमार जांगड़े के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। मामले की जानकारी देते हुए एएसपी ने बताया कि मोबाईल उठाकर धोकाधड़ी कर फोन पे के माध्यम से पैसे निकालने के मामले में आरोपियो को बस्तर पुलिस व सायबर सेल टीम ने गिरफ्तार किया है। आरापियों में कोलचुर खासपारा थाना बस्तर निवासी थबीर कुमार उर्फ संजू नाग 25 वर्ष राजेश कश्यप उर्फ कालू 29 वर्ष के अलावा खुटियारीगुड़ा मिरगानपारा थाना कोसागुमड़ा जिला नवरंगपुर ओडिशा निवासी लींगराज मिरगान 19 वर्ष व ललित कुमार मिरगान 19 वर्ष शामिल है। मामले की रिपोर्ट 19 जून 2025 को प्रार्थी कौशल पाण्डे ने दर्ज कराते हुए बताया कि 30 मई को वह अपनी बाईक से जगदलपुर से भानपुरी वापस आ रहा था इसी दौरान ग्राम कविआसना के पास बाईक स्लीप होने से वहीं पर गिर गया तो उसका मोबाईल भी वहीं पर गिर गया था जो नहीं मिलने पर वह वापस घर आ गया था। काफी तलाश के बाद भी मोबाईल नही मिलने पर उसने अपना उसी नम्बर का नया सिम ले लिया था। इस घटना के बाद 4 जून को जब वह अपना सिम चालू किया तो पता लगा कि 1 जून से 3 जून के बीच उसके खाता नम्बर से अज्ञात आरोपी द्वारा 50 हजार व 99 हजार 611 रूपए फोन पे के माध्यम से ट्राजेंक्शन करने का पता लगा। अज्ञात आरोपी द्वारा उसके खाते से कुल 1 लाख 49 हजार 611 रूपए निकाल कर ठगी कर लिया गया था। रिपोर्ट पर बस्तर पुलिस सायबर सेल की मदद से आरोपियों का लोकेशन पता कर पहुंची और उन्हे गिरफ्तार किया गया।



**जेल भेजे गए सभी आरोपी**

आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने उनके कब्जे से बाईक, स्कूटी, चार मोबाईल व 20 हजार रूपए नगद बरामद किया। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। त्वरित कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार करने में निरीक्षक सुरेश जांगडे के अलावा एसआई प्रमोद सिंह ठाकुर, एएसआई टिगाली राम कश्यप, प्रधान आरक्षक महेन्द्र नेताम, उमेश चन्देल, आरक्षक भूपेन्द्र नेताम, महेन्द्र पटेल, निरंजन वैध, धरमेन्द्र ठाकुर, रवि बघेल, मुकुन्द भण्डारी व गौतम सिन्हा की अहम भूमिका रही।

# ट्रक और बाइक की भिड़ंत में सहायक प्रोग्रामर की दर्दनाक मौत

**NH-30 मस्सुकोकोड़ा के पास हुआ दर्दनाक सड़क हादसा**





हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नेशनल हाईवे 30 मस्सुकोकोडा के पास शुक्रवार की रात करीब 9 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। ट्रक और बाइक की आमने सामने भिड़ंत हो गई । जिसके बाद बाइक सहित चालक ट्रक के नीचे फंस गया। ट्रक चालक ने करीब 100 मीटर घसीट कर कुचलते हुए मौके से फरार हो गया। ट्रक के कुचलने से मृतक का शव बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

सूचना पर फरसगांव थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंची , मृतक के पास मिले पहचान पत्र से मृतक की पहचान दीपक मरकाम पिता स्व प्रेम सिंग मरकाम उम्र 33 वर्ष , निवासी ग्राम माकड़ी दिहारीपारा के रूप में हुई है। जो केशकाल जनपद में सहायक प्रोग्रामरा मनरेगा के पद पर पदस्थ था। वह हर दिन की तरह बाइक क्रमांक सीजी 05 एक्यू 7500 से केशकाल से ड्यूटी कर अपने घर माकड़ी जा रहा था। पुलिस ने मृतक के शव को चिरघर में लाकर रखा गया है। घटना स्थल के कुछ दूर में ढाबा के पास ट्रक चालक ट्रक को खड़ा कर फरार हो गया। फरसगांव पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में लेकर थाना में लाकर रखी है । शनिवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर ट्रक क्रमांक आर जे 11 सीजी 7986 के चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 106 (1) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है।

# सरई बोड़ा 600 रुपए किलो में बिका

■ जंगल से सरई बोड़ा की आवक शुरू, लोग हाथोंहाथ खरीद रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मगरलोड

बारिश प्रारंभ होते ही जंगल से सरई बोड़ा की आवक शुरू हो गई है। शुक्रवार को मगरलोड बस स्टैड के पास 600 रूपए किलो में बिका। महंगी सब्जियों की बात करें तो सरई बोड़ा का नाम शायद सबसे ऊपर आएगा। साल में महज डेढ़ ही महीने मिलने वाला बोड़ा अब उत्तर सिंगपुर के जंगलों में पैदा होने लगा है। गावों में 300 रुपये तो आसपास के शहरों में करीब 600 रुपये में मिल रहा है।



छत्तीसगढ़ का धमतरी जिला अपने साल के जंगलों के लिए जाना जाता है। अतीत में यहां के जंगल से अंग्रेज साल के स्लीपर की सप्लाई पूरे एशिया में किया करते थे। धमतरी के इन्हीं साल के जंगलो में मिलता है सरई बोड़ा। साल को छत्तीसगढ़ में सरई कहा जाता है जबकि बोड़ा स्थानीय आदिवासियों का दिया हुआ नाम है। यह खोज भी आदिवासियों की ही है। वनोपज पर निर्भरता के कारण वनवासी यहां पैदा होने वाले हर खाद्य पदार्थ के बारे में जानते हैं। बोड़ा भी उन्हीं में से एक है। बोड़ा दरअसल एक फंगस है। वैज्ञानिकों ने इसका बॉटिनिकल नाम शोरिया रोबुस्टा रखा है। इसे छत्तीसगढ़ का काला सोना भी कहा जाता है।

# कुरूद पुलिस रोजाना करेगी पैदल मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरूद

एसडीओपी रागिनी मिश्रा के मार्गदर्शन में कुरूद नगर में पुलिस ने अपराध रोकने को लेकर और शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने की खातिर थाना प्रभारी राजेश जगत की अगुवाई में कुरूद पुलिस ने पैदल मार्च किया। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों से प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने पर जोर दिया। उन्होंने शांति व्यवस्था को लेकर प्रशासन का सहयोग करने का भी आह्वान किया।

कुरूद नगर में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने की खातिर कुरूद थाना प्रभारी राजेश जगत के नेतृतव में कुरूद पुलिस ने 1 जुलाई से रोजाना नगर में पैदल मार्च शुरु किया है। थाना चौक, पुराना बाजार सरोजिनी चौक, कारगिल चौक, खेल मैदान, छोटा नहर, इंदिरा नगर, कचहरी चौक सहित नगर भर में मार्च पास्ट किया। पैदल मार्च के दौरान टीआई श्री जगत ने व्यापारियों से अपनी सुरक्षा व अपराधों की रोकथाम के लिए प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की। इस अवसर पर एएसआई सुरेश नन्द प्रधान आरक्षक रामसेवक बम्बोड़े, गोपाल चंद्राकर, संतोष साहू, अश्वनी कुमार आदि शामिल रहे।



# महिलाओं को राशन कार्ड का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंवरी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधायक अजय चंद्राकर के मंशा के अनुरूप खाद्यान्न सुरक्षा योजना के तहत अन्नपूर्णा योजना एवं विभिन्न प्रकार के राशनकार्डधारियों को विशेष राशनकार्ड जारी किया गया है। अंत्योदय राशनकार्ड में हितग्राहियों को 10 किलो चावल निःशुल्क तथा 25 किलो चावल 1 रुपए प्रति किलो की दर से प्रतिमाह प्राप्त करने की पात्रता है। हितग्राहियों चुनेश्वरी यादव चोवाराम, भारती साहू तुलसी राम साहू, यामिनी युवराज साहू, रोशनी साहू दशरू राम साहू, लीला देवी सोनी देवीलाल, उमेश्वरी साहू देवनारायण, रूक्मणि बाई पटेल भागवत, मीनाक्षी साहू धन्वंतरि राम साहू, प्रेमलता ठाकुर केदार सिंह ठाकुर, खिलेश्वरी ध्रुव गुरुचरण ध्रुव, संतोषी साहू दुमेश्वर साहू, मेनका साहू हरीश कुमार साहू, प्रभा मानिकपुरी परमेश्वर दास, सुमित्रा बाई मंगलू, तारा साहू गौरीशंकर, हीराबाई साहू ऋषि कुमार, शालिनी राहुल यादव को राशन कार्ड का वितरण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष ज्योति हरख जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पार्षदगण छबिलाल निर्मलकर, हितेंद्र साहू, भूपेश्वरी चंदेल, कर्मचारी चोवा ढीढी सहित हितग्राही महिलाएं उपस्थित थीं।

# विद्यार्थियों को पुस्तकें व गणवेश वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मगरलोड

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरझुली में संकुल स्तरीय प्रवेशोत्सव एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। नवप्रवेशित बच्चों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। बच्चों को पुस्तकें व गणवेश वितरित की गई। बोर्ड कक्षाओं में प्रथम आने वाले बच्चों को प्रतीक चिन्ह व पेन देकर सम्मानित किया गया। संकुल के शिक्षक भोलाराम सिन्हा शा.प्रा. शा. कमारिनमुड़ा, चन्द्रहास सिन्हा प्रधानपाठक शा.प्रा.शा. बोदलबाहरा, लोमस साहू व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरझुली, शिक्षिका दयाबती काशी शा. पूर्व मा. शाला बिरझुली को शाला में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टीकाराम कंवर कृषि सभापति जिला पंचायत थे। अध्यक्षता विरेंद्र साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड ने की। अति विशिष्ट अतिथि अजय ध्रुव वन सभापति जिला पंचायत, खिलेश साहू, कृष्णकुमार ध्रुव, पुष्पलता सिन्हा सरपंच बिरझुली, विशिष्ट अतिथि नरेश सिन्हा, रोहित मोहन साहू, विजय यदु, शत्रुहन साहू, शुभम यदु, रामायण सिन्हा, पेमिन ध्रुव, माखन साहू, विष्णु सिन्हा, लोकनाथ सिन्हा थे। प्राचार्य व्हीके अग्रवाल ने हर वर्ष बोर्ड कक्षाओं में अच्छा परीक्षा परिणाम आने की जानकारी दी। इस अवसर पर संकुल के शिक्षक-शिक्षिकाएं समेत गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



# प्रधानपाठक को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

**जीजामगांव।** शासकीय प्राथमिक शाला भाठापारा बेलर के प्रधानपाठक सूरज बैस को शाला परिवार व शाला प्रबंधन एवं विकास समिति व ग्रामवासियों द्वारा सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। सेवानिवृत्त प्रधानपाठक सूरज बैस को स्मृति चिन्ह, शाल, श्रीफल, पेन, डायरी, छाता, शूट व सफर बैग भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती दामिनी चेलक, अशोक ध्रुव, अंजलि नेताम, टम्मन कुर्रे, केके देवांगन शिक्षक, रामगुलाल यादव, भूपेंद्र साहू, मिथिलेश साहू, पवन साहू, मुकेश साहू, रितु भारती, कौशल्या पाल, ललित साहू, गीता साहू, डोमेश्वर साहू, पंच अनसुईया यादव, रुक्मणि पाल व छात्र-छात्राएं सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।



## पेज 9 के शेष

### तीन दिन के भीतर ....

दिनों में सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया।

यात्री ट्रेनें रद्द की गई : विशाखापत्तनम रेल जोन के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक के संदीप के अनुसार ट्रेन संख्या 58501 विशाखापट्टनम–किरंदुल पैसेंजर, जो 5, 6, एवं 7 जुलाई को विशाखापट्टनम से रवाना होगी को कोरापुट पर समाप्त किया जाएगा। कोरापुट-किरंदुल खंड में सेवा रद्द किया गया है। मसलन ट्रेन संख्या 58502 किरंदुल–विशाखापट्टनम पैसेंजर, कोरापुट से प्रारंभ होगी 5,6 और 7 जुलाई को किरंदुल-कोरापुट सेवा रद्द रहेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 18005 हावड़ा–जगदलपुर समलेश्वरी एक्सप्रेस, जो 4 एवं 5 जुलाई को हावड़ा से रवाना होगी, कोरापुट पर निरस्त किया गया। कोरापुट–जगदलपुर खंड में सेवा रद्द की गई है। ट्रेन संख्या 18006 जगदलपुर–हावड़ा समलेश्वरी एक्सप्रेस, कोरापुट से रवाना होगी। याने 6 एवं 7 जुलाई को जगदलपुर–कोरापुट खंड में सेवा रद्द रहेगी। जबकि ट्रेन संख्या 18515 विशाखापट्टनम–किरंदुल एक्सप्रेस, जो 4,5 एव 6 जुलाई को रवाना होगी, कोरापुट पर निरस्त की जाएगी कोरापुट–किरंदुल सेवा रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 18516 किरंदुल–विशाखापट्टनम नाइट एक्सप्रेस, जो 5,6 एवं 7 को रवाना होगी, कोरापुट पर समाप्त की जाएगी किरंदुल–कोरापुट सेवा रद्द की गई है। ट्रेन संख्या 18107 राउरकेला–जगदलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस, जो 4 जुलाई को रवाना होगी,जिसे कोरापुट निरस्त की जाएगी। ट्रेन संख्या 18108 जगदलपुर–राउरकेला इंटरसिटी एक्सप्रेस, कोरापुट से प्रारंभ होगी 5 जुलाई यही से राउरकेला के लिए रवाना होगी। ट्रेन संख्या 18447 भुवनेश्वर -जगदलपुर हिराखंड एक्सप्रेस, जो 4 जुलाई को रवाना होगी, कोरापुट पर समाप्त की जाएगी। ट्रेन संख्या 18448 जगदलपुर -भुवनेश्वर हिराखंड एक्सप्रेस, कोरापुट से प्रारंभ होगी 4 जुलाई को कोरापुट से भुवनेश्वर के लिए रवाना होगी।

### परिवहन नियमों के ....

उड़नदस्ता प्रभारी की टीम ने जून माह में लक्ष्य से दुगुना राजस्व वसूला किया।

परिवहन नियमों का न करें उल्लंघन : परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक अनिल घरडे ने बताया कि परिवहन नियमों का उल्लंघन करते मिले वाहनों में पहली बार जुर्माना किया गया। वाहन चालकों को कहा कि परिवहन नियमों का उल्लंघन नहीं करें, अन्यथा सख्ती कार्रवाई की जाएगी।

### 35 स्कूल बसों की ...

में जाली, एचएसआरपी लगाकर तथा चालक एवं परिचालक अपने लायसेंस सहित मोबाईल नम्बर के साथ 5 जुलाई को भौतिक निरीक्षण हेतु 89 स्कूल बसों को प्रस्तुत किए जाने हेतु बुलाया गया था। इसके बाद भी 35 स्कूल बस ही पहुंचे, 54 स्कूल बस जांच में नहीं पहुंचे।

### शहर को स्वच्छ व ...

से अपील करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ रखने में नगर निगम का सहयोग करें। सड़क व नाली में कचरा ना डालें। आपके सहयोग से हम जगदलपुर को स्वच्छ व सुंदर बनायेंगे।

ये हुए शामिलः आज के स्वच्छता अभियान में अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन ,एम आई सी सदस्य निर्मल पानीग्राही, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा,संग्राम सिंह राणा, संजय विश्वकर्मा कलावती कसेर, पूर्व महापौर सफीरा साहू,पार्षद यशवंत ध्रुव,उमा मिश्रा,पायल बोथरा,बसंती समरथ,पूनम सिन्हा, उर्मिला यादव, श्याम सुंदर बधेल, रोशन सिसोदिया, गायत्री, दिलीप दास,जिला पंचायत के सीईओ प्रतीक जैन,पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा ,एसडीएम भरत कौशिक, डीएफओ उत्तम गुप्ता, नगर पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल, एडिशनल एसपी माहेश्वर नाग ,मंडल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव, यशवर्धन राव, रोशन झा , राजपाल कसेर, नवीन बोथरा, धनश्याम,एवं जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, शामिल हुए।

### बारिश में जुटे ....

नंदलाल खरे, शिव कुमार, अनीश चेंन्द्रे, गणेश चालेजा, रितेश मंडल, ललन सेद्रा, बजरंगी नायडू, किशन, निषाद खरे, वासु शेट्टी, रामा, गणेश चेलिया, रवि शेट्टी,अजय शेट्टी, प्रकाश शेट्टी एवं सनी सोनी शामिल रहे । इस अवसर पर रितेश सिन्हा, कृष्णा, आनंद, विकास सहित वार्ड वासी उपस्थित थे।

### कपाटफेड़ा पूजा विधान ....

नारायण का संवाद हुआ जिसका निर्वहन 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने किया जिसे कपाट फेडा पूजा विधान कहते है। कपाट फेडा पूजा विधान के सम्पन्नता के साथ ही रूठी हुई महालक्ष्मी श्रीमंदिर का दरवाजा खोल देती है।

### उत्कल समाज ने किया ....

कार्यालय सचिव अच्युत सामंत, संगठन सचिव रमेश नंद कार्यकारणी सदस्य प्रदीप महापात्र, राकेश रथ, असीम दास,अतुल दास ,अशोक दास, मीडिया प्रभारी रविन्द्र दास,उत्कल युवा विंग पवन मिश्रा, आशीष दास, महिला विंग निरूपमा दास व महिला सदस्य एवं समाज के सदस्य उपस्थित थे।

## जिम्मेदारों की अनदेखी से बढ़ा जनाक्रोश, दिख रहीं सरिया

# गट्टासिल्ली का आमनाला पुल बना दुर्घटना का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नगरी



सिहावा-नगरी-बोराई मार्ग पर स्थित गट्टासिल्ली का आमनाला पुल अब जानलेवा होता जा रहा है। पुल की अत्यधिक जर्जर स्थिति, जगह-जगह उखड़ी हुई सतह और गहरे गड्ढों ने राहगीरों के लिए गंभीर खतरा पैदा कर दिया है। बारिश के दिनों में पानी भरने से गड्ढे नजर नहीं आते और दोपहिया वाहन चालक अक्सर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। अब तक तीन से अधिक गंभीर हादसे इसी पुल पर हो चुके हैं।

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि पुल के निर्माण के दौरान बने जॉइंट अब उखड़ चुके हैं और लोहे की सरिया बाहर आ चुकी है, जिससे वाहन चालकों के लिए यह मार्ग अत्यंत जोखिम भरा हो गया है। बावजूद इसके न तो संबंधित विभाग और न ही जनप्रतिनिधियों ने इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाया है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्रीय विधायक इसी गांव की रहने वाली हैं। इसके बावजूद अब तक कोई कार्य योजना, मरम्मत अथवा वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। इससे लोगों में भारी नाराजगी है। आमनाला पुल पर न तो चेतावनी बोर्ड लगा है और न ही बैरिकेडिंग, न ही कोई वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था। विधायक अंबिका मरकाम ने बताया कि उन्होंने पुल की मरम्मत की मांग को विधानसभा में उठाया है और संबंधित विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है। अधिकारियों का कहना है कि कार्य की स्वीकृति शासन को भेज दी गई है और जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी। परंतु यह प्रक्रिया कब पूरी होगी, इसका उत्तर स्पष्ट नहीं है।

ग्रामीणों की मांग है कि शासन-प्रशासन इस गंभीर विषय पर त्वरित संज्ञान लेते हुए पुल की मरम्मत कार्य को प्राथमिकता में ले, अन्यथा कोई बड़ी दुर्घटना होने पर इसकी जिम्मेदारी प्रशासन और संबंधित जनप्रतिनिधियों की होगी।

## खबर संक्षेप

### सरपंच ने 5 मरीजों को पोषण आहार प्रदाय करने लिया संकल्प

दंतेवाड़ा। जिला दंतेवाड़ा कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के मार्गदर्शन में जिले के समस्त ग्राम पंचायत, जनपद एवं जिला पंचायत के जनप्रतिनिधियों को निक्षय मित्र के रूप में नामांकित किया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत ग्राम पंचायत चितालंका से इसका शुभारंभ 3 जुलाई से किया गया। इस मौके पर चितालंका ग्राम पंचायत की महिला सरपंच मुन्नी भास्कर के द्वारा निक्षय मित्र के रूप में नामांकित होकर अपने पंचायत के पांच 5 मरीजों को पोषण आहार प्रदाय करने का संकल्प लेते हुए टीबी के उन सभी उपचाररत मरीजों को पोषण आहार प्रदाय किया गया तथा उन्होंने नियमित रूप से टीबी विरोधी दवा का सेवन करने हेतु कहा। गौरतलब है कि जिला क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम समन्वयक पी रवि कुमार, कार्यक्रम सहायक मेघ प्रकाश शेरपा एवं टीबी मितान रविंद्र कर्मा के द्वारा टीबी मरीज को जिले में और ब्लॉक स्तर पर चिन्हांकित कर संबंधित ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, एवं जिला पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधियों से संपर्क साध कर उन्हें उपचाररत मरीज से लिंक कराया जा रहा है।

### युक्तिकरण प्रक्रिया से सुरपनगुड़ा को मिला नियमित शिक्षक

सुकमा। सुकमा जिले के कोंटा विकासखण्ड से लगभग 125 किमी दूर सुरपनगुड़ा गांव बसा हुआ है। चारों ओर से घने जंगलों और पहाड़ियों से घिरा यह गांव अपनी अलग पहचान रखता है। यहां के बच्चे भी बाकी बच्चों की तरह हँसते-खेलते हैं, लेकिन उनकी हँसी स्कूल की दहलीज़ पर पहुंचते ही जैसे धीमी पड़ जाती थी। शासकीय प्राथमिक शाला सुरपनगुड़ा में कक्षाएँ तो थीं, पर नियमित शिक्षक की कमी थी। स्कूल में बच्चों के शिक्षा का जिम्मा शिक्षादूत के हाथों में थी। माता-पिता चिंतित थे, वे चाहते थे कि उनके बच्चे पढ़-लिखकर जीवन में आगे बढ़ें लेकिन शिक्षकों की कमी उनके लिए एक अधूरा सपना बन गई थी। शासन के युक्तिकरण प्रक्रिया से उनके सपनों में जान आई। छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा लागू की गई युक्तिकरण योजना का मुख्य उद्देश्य स्कूलों में बच्चों की संख्या के अनुसार शिक्षकों की पदस्थापना करना है।

## उपमुख्यमंत्री शाला प्रवेश उत्सव एवं चरण पादुका वितरण कार्यक्रम में हुए शामिल

# अब वक्त आ गया है शिक्षा और विकास की रोशनी हर गांव तक पहुंचेगी : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने आज जिला मुख्यालय सुकमा में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव और तेंदूपत्ता संग्राहको को चरण पादुका वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने जिले भर से आए स्कूली बच्चों से आत्मीय संवाद किया और शिक्षा की नई शुरूआत के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत

■ शहीदों की इच्छाएं कभी व्यर्थ नहीं जातीं वे समाज के संकल्प में परिवर्तित होती हैं : शर्मा

बैग, पुस्तक और गणवेश देकर किया। बोर्ड परीक्षा में अव्वल आने वाले परीक्षार्थियों का सम्मान और प्रतिभाशाली छात्रो को प्रमाण पत्र का वितरण किया एवं 10 हितग्राहियों को चरण पादुका का वितरण किया।

उन्होंने कहा कि सुकमा जिले में प्राथमिक से लेकर उच्चतर माध्यमिक स्तर तक 1000 से अधिक स्कूल





संचालित हो रहे हैं, जो एक सकारात्मक संकेत है। शिक्षा व्यवस्था को बहाल करना, विशेषकर बस्तर जैसे चुनौतीपूर्ण अंचल में किसी आंदोलन से कम नहीं है। बीते वर्षों में कई स्कूलों को नक्सल हिंसा का शिकार होना पड़ा, कुछ स्कूलों को बम से उड़ा दिया गया जो मानवता के विरुद्ध अत्यंत निंदनीय कृत्य हैं।

शासन की मंशा है कि बस्तर के हर गांव तक संविधान की पूर्ण स्थापना हो, ताकि शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास और सुरक्षा के अधिकार गांव-गांव में सुदृढ़ हों। उन्होंने ग्रामीण युवाओं और अभिभावकों से आह्वान किया कि वे गांव की उन्नति में सक्रिय भागीदारी निभाएं, क्योंकि असली परिवर्तन स्थानीय नागरिकों की जागरूकता और सहयोग से ही संभव है। उन्होंने कहा कि गांव में यदि शिक्षा है, तो अशिक्षा नहीं होगी। यदि स्वास्थ्य है, तो कुपोषण नहीं रहेगा। यदि भयमुक्त वातावरण है, तो कोई लाल आतंक नहीं रहेगा। यह कार्य बस्तर के लोग स्वयं कर सकते हैं और सरकार उनके साथ खड़ी है। शर्मा ने बच्चों को प्रतीकात्मक रूप से मुकुट पहनाया, प्रोत्साहन राशि और प्रवेश प्रमाण-पत्र वितरित किए और तेंदूपत्ता संगा्रहको को चरण पादुका का वितरण किया। उन्होंने कहा कि ये प्रतीक मात्र नहीं, बल्कि एक नए भविष्य की ओर उनका पहला कदम है।

जिला प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन न सिर्फ प्रेरणादायी है, बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा में जोड़ने वाला है। उन्होंने कहा कि हाल ही में एक बड़ी दुर्घटना में शहीद हुए पुलिस अधिकारी के परिवार के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय स्वयं संवेदनशीलता के साथ खड़े रहे और संपूर्ण सहयोग प्रदान किया। उन्होंने कहा कि शहीदों की इच्छाएं कभी व्यर्थ नहीं जातीं वे समाज के संकल्प में परिवर्तित होती हैं। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे, अरुण सिंह भदौरिया, राज्य महिला आयोग की सदस्य दीपिका सोरी, जिला पंचायत सुकमा अध्यक्ष मंगम्मा सोयम, जिला पंचायत दंतेवाड़ा अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, नगर पालिका परिषद् सुकमा अध्यक्ष हुंगाराम मरकाम, जिला पंचायत सदस्य हुंगाराम मरकाम, जिला पंचायत सदस्य कोरसा सन्नू, कुसुम लता कवासी, रीना पेद्दी, सोयम मुक्का, दिलीप पेद्दी और सचिव पंचायत विभाग भीम सिंग , कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी पी. सुंदरराज, डीआईजी कमलोचन प्रसाद, कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, एसपी किरण गंगाराम चव्हाण, सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन, डीएफओ अक्षय भोसले सहित शिक्षा विभाग वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### उपमुख्यमंत्री ने मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना की...



जगदलपुर। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

# कीचड़ से ग्रामीणों को मिली राहत


कीचड़युक्त सड़क बनी ग्रामीणों के लिए मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड



खबर का असर

ग्राम माधोता के पटेल पारा मार्ग पर फैले कीचड़ और दुर्गति की समस्या को लेकर हाल ही में एक प्रमुख हरिभूमि समाचार प्रकाशित किया गया था। इस खबर का त्वरित असर देखने को मिला जब ग्राम पंचायत मधोता की सरपंच कलावती नाग ने मामले को गंभीरता से लिया।

उन्होंने स्वयं स्थिति का जायजा लिया और ग्रामीणों की परेशानियों को समझते हुए कीचड़युक्त मार्ग पर मुरुम डलवाया, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। लंबे समय से इस मार्ग से गुजरने में लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, विशेषकर बरसात के दिनों में।

सरपंच ने इस असुविधा के लिए ग्रामीण जनों से खेद व्यक्त किया और आश्वस्त किया कि भविष्य में ग्राम की मूलभूत समस्याओं पर सजग दृष्टि रखी जाएगी तथा समय रहते समाधान किया जाएगा।

ग्रामीणों ने भी सरपंच के इस त्वरित निर्णय और कार्रवाई की सराहना की और उम्मीद जताई कि पंचायत इसी तरह जनता की जरूरतों पर समय रहते ध्यान देती रहेगी। यह घटना दर्शाती है कि मीडिया की भूमिका और जनहित में उठाए गए मुद्दे जब संवेदनशील नेतृत्व तक पहुँचते हैं, तो बदलाव अवश्य संभव है।

पटेल पारा मार्ग की मरम्मत इस बात का प्रमाण है कि यदि प्रशासन और पंचायतें सजग रहें, तो गांव की समस्याओं का समाधान शीघ्रता से हो सकता है।

# अवैध निर्माण से हो रही जलजमाव की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

प्राथमिक शाला मधोता में बारिश के दिनों में पढ़ाई बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। स्कूल परिसर में अत्यधिक जलभराव के कारण हाल ही में छात्रों की छुट्टी करनी पड़ी। यह स्थिति कोई पहली बार नहीं है, बल्कि हर बार बारिश होते ही स्कूल को बंद करना पड़ता है।

स्थानीय ग्रामीणों और स्कूल स्टाफ के अनुसार, इस समस्या की मुख्य वजह स्कूल बाउंड्री वॉल से सटी हुई पुलिया पर किया जा रहा अवैध निर्माण है। बताया जा रहा है कि गांव के प्रभावशाली लोगों द्वारा इस पुलिया के ऊपर निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिससे पानी की स्वाभाविक निकासी पूरी तरह बाधित हो गई है। परिणामस्वरूप बारिश का पानी स्कूल परिसर में भर जाता है, जिससे बच्चों के लिए स्कूल आना खतरनाक हो जाता है।

जनपद प्राथमिक शाला मधोता पूरे विकासखंड की सबसे पुरानी शैक्षणिक संस्था है, जिसकी स्थापना 1 मार्च 1949 को हुई थी। इतने पुराने और प्रतिष्ठित विद्यालय की इस प्रकार की उपेक्षा चिंता का विषय है। शिक्षकों का कहना है कि जलभराव के कारण पढ़ाई ठप हो जाती है और लगातार छुट्टियों से छात्रों की पढ़ाई पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

### बारिश होते ही स्कूल को करना पड़ता है बंद



स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस अवैध निर्माण को जल्द से जल्द हटाया जाए और जल निकासी की उचित व्यवस्था की जाए ताकि स्कूल का संचालन नियमित रूप से हो सके। साथ ही, यह भी मांग की जा रही है कि स्कूल परिसर के लिए एक मजबूत और सुरक्षित ड्रेनेज सिस्टम तैयार किया जाए ताकि भविष्य में बच्चों की पढ़ाई पर कोई असर न पड़े।

एक ओर जहां सरकार शिक्षा के क्षेत्र में सुधार की बात करती है, वहीं जमीनी हकीकत इससे अलग नजर आती है। जनपद प्राथमिक शाला मधोता में जलभराव जैसी समस्याएं यह दर्शाती हैं कि बुनियादी ढांचे की अनदेखी किस प्रकार शिक्षा व्यवस्था को प्रभावित कर रही है। प्रशासन को चाहिए कि वह तत्काल हस्तक्षेप कर इस समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करे।

# शाला प्रवेश उत्सव में राजनीति हावी : हिड़मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा



■ शिक्षा विभाग के आयोजकों को शिक्षा समिति के सभापति का नाम नहीं पता

कोंटा विकासखंड में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव के दौरान शिक्षा विभाग की लापरवाही और राजनीति खुलकर सामने आई है। कार्यक्रम में शिक्षा समिति के सभापति माड़वी हिड़मा को न तो मुख्य अतिथि के रूप में स्थान दिया गया और न ही मंच पर उन्हें सम्मानजनक तरीके से प्रस्तुत किया गया। उन्हें एक कोने की कुर्सी पर बैठा दिया गया। हैरानी की बात तो यह रही कि जब उनका स्वागत करने की बारी आई, तो मंच से पूछा गया आपका नाम क्या है यानि शिक्षा विभाग के आयोजकों को अपने ही क्षेत्र के शिक्षा समिति के निर्वाचित सभापति का नाम तक नहीं पता। जनपद उपाध्यक्ष कोंटा विकासखंड के शिक्षा समिति के सभापति हिड़मा ने आरोप लगाते हुए कहा है कि कार्यक्रम में मौजूद भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं का नाम लेकर बड़े सम्मान से स्वागत किया गया। फलां जी पधारे हैं, फलां नेता जी आए हैं। इस तरह से राजनीतिक कार्यकर्ताओं को विशेष तवज्जों दी गई। क्या अब शिक्षा से जुड़े आयोजनों में भी राजनीतिक चमचागिरी ही मापदंड होगी। यह साफ दर्शाता है कि शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अफसर जनप्रतिनिधियों की गरिमा को दरकिनार कर सिर्फ सत्ताधारी दल के कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ा रहे हैं। यह न सिर्फ एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे जनतांत्रिक व्यवस्था और स्थानीय स्वशासन की गरिमा का अपमान है। उन्होंने कहा जवाबदेही तय होनी चाहिए वरना यह चुप्पी और अनदेखी आने वाले समय में शिक्षा व्यवस्था को खोखला कर देगी।

# उप मुख्यमंत्री ने गारमेंट फैक्ट्री का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

एक दिवसीय बीजापुर प्रवास के दौरान उपमुख्यमंत्री तथा गृह मंत्री छत्तीसगढ़ शासन विजय शर्मा ने मांझीगुड़ा स्थित शासकीय गारमेंट फैक्ट्री का अवलोकन किया। कलेक्टर संबित मिश्रा ने बताया कि नीति आयोग एवं डीएमएफ के सहयोग से स्थापित गारमेंट फैक्ट्री में 200 महिलाएं कार्यरत हैं। जहां महिलाओं को रोजगार मिल रहा है, स्थानीय महिलाएं एवं नक्सल पीड़ति, महिलाएं कार्यरत है।

■ महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर दिया जोर

वर्तमान में उक्त फैक्ट्री में जैकेट बनाया जा रहा है, जिसे नीकंठ गारमेंट फैक्ट्री के द्वारा निर्यात किया जा रहा है। वर्तमान में साढ़े पांच से साढ़े सात हजार मानदेय दिया जा रहा है। प्रथम तीन माह प्रशिक्षण के दौरान साढ़े पांच हजार एवं प्रशिक्षण उपरांत साढ़े सात हजार मानेदय प्राप्त होता है। महिलाओं को निःशुल्क बस सुविधा भी प्रदाय किया जाता है। जिसमें स्थानीय



महिलाओं को रोजगार एवं आजिविकामूलक गतिविधि से जोड़ा गया है। उप मुख्यमंत्री ने इस दौरान महिलाओं से आवश्यक चर्चा करते हुए उनके अनुभवों को सुना और कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार महिला शसक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाओं ने गारमेंट फैक्ट्री से मानदेय मिलने के साथ महतारी वंदन योजना से भी प्रतिमाह एक हजार रूपए मिलने की बात कही। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार देने की इस पहल के लिए जिला प्रशासन की सराहना की और अधिक से अधिक महिलाओं को रोजगारमूलक गतिविधियों से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान पंचायत विभाग के सचिव भीम सिंह, बस्तर आईजी पी सुन्दरराज, डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव, सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार उपस्थित थे।

# चांदनी चौक में महिला आरक्षक से बदसलूकी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित चांदनी चौक में ड्यूटी कर रही महिला आरक्षक से बदसलूकी करना युवक को महंगा पड़ गया। पिड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जानकारी के मुताबिक चांदनी चौक में ड्यूटी कर रही यातायात विभाग की महिला आरक्षक से युवक द्वारा बदसलूकी किया गया। इसकी शिकायत महिला आरक्षक द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई जिसके बाद बदतमीजी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर किया गया। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक शराब के नशे में था जिसका डाक्टरी मुलाहिजा के बाद गिरफ्तार आरोपी भूपेंद्र माली 23 वर्ष निवासी हिकमीपारा के खिलाफ प्रतिबधात्मक धारा में मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया।

■ प्रतिबधांत्मक धारा में मामला दर्ज, आरोपी न्यायालय में पेश

■ कोतवाली थाना क्षेत्र का मामला

मामले की जानकारी देते हुए कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि यातायात विभाग की महिला आरक्षक की चांदनी चौक में ड्यूटी लगाई गई थी।

जहां भूपेंद्र माली 23 वर्ष हिकमीपारा ड्यूटी पर तैनात महिला आरक्षक के साथ बदतमीजी करने लगा। जिसके बाद महिला आरक्षक ने इस मामले की जानकारी कोतवाली व यातायात पुलिस के अधिकारियों को दी। महिला आरक्षक की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 151 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई।

# बीमा कंपनी देगी चोरी हुई मोटर साइकिल की बीमा राशि 60 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ क्षुब्ध उपभोक्ता ने आयोग को थी शिकायत

■ जिला उपभोक्ता आयोग की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया आदेश

जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा गुरुवार को एक प्रकरण में आवेदक को टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड बिलासपुर उपभोक्ता को वाहन चोरी होने पर बीमा राशि 60 हजार रूपए एवं मानसिक क्षतिपूर्ति हेतु 5 हजार रूपए देगा। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने पारित किया। न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुकमा निवासी




लच्छिंदर मरकाम द्वारा हीरो मोटोकॉर्प मोटर साइकिल का बीमा टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड बिलासपुर के माध्यम से करवाया गया था। आवेदक की उपरोक्त वाहन बीमा अवधि के दौरान चोरी हो गई थी, जिस पर आवेदक द्वारा थाना बोधघाट में सूचना प्रदान कर बीमा कंपनी को वाहन चोरी होने की सूचना प्रदान की गई थी। बीमा कंपनी द्वारा वाहन चोरी होने की पुलिस रिपोर्ट विलंब से दर्ज करवाए जाने और बीमा कंपनी को विलंब से सूचित करने तथा पुलिस प्रकरण का खात्मा नहीं किए जाने के कारण आवेदक का बीमा दावा निरस्त कर दिया गया था। जिससे क्षुब्ध होकर उपभोक्ता द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी।

इस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि यदि दावा प्रस्तुत करने में देरी के कारणों को संतोषप्रद तरीके से समझाया गया है तो देरी के संबंध में बीमा कंपनी बीमा दावों को निरस्त करने का अधिकार नहीं रखती हैं। आवेदक द्वारा प्रकरण में पुलिस की खात्मा रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है। आवदेक को हुई मानसिक पीड़ा हेतु पृथक से 5 हजार रूपए की क्षतिपूर्ति दिए जाने का आदेश पारित किया गया है।

# छात्रों को वितरित की गई शैक्षणिक सामग्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर/भोण्ड

भारतीय स्टेट बैंक बस्तर शाखा द्वारा 1 जुलाई को बैंक का 70वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर बैंक की ओर से माध्यमिक शाला भुरसुंडी के छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक सहायक सामग्री जैसे कॉपियां, पेन एवं वजन मापने की मशीनें वितरित की गईं।

कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक संजीव मीणा ने छात्रों को बैंकिंग सेवाओं एवं बैंक से मिलने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक का इतिहास 219 वर्षों से भी अधिक पुराना है। इसकी स्थापना पहले इम्पीरियल बैंक ऑफ इंडिया के नाम से हुई थी, जिसे 1 जुलाई 1955 को 'स्टेट बैंक ऑफ इंडिया नाम दिया गया। तभी से प्रतिवर्ष 1 जुलाई को स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम में बैंक के फील्ड ऑफिसर आलोक बर्चिहा, संस्था प्रभारी शैलेन्द्र कुमार तिवारी, शिक्षिका रश्मि नेताम, सुश्री हेमलता कश्यप, चमरू राम बघेल एवं पीलू नाग की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें मेहनत से पढ़ाई कर भविष्य संवारने के लिए प्रेरित किया। यह आयोजन बैंक की सामाजिक जिम्मेदारी सीएसआर के तहत किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाना एवं बैंकिंग से संबंधित जागरूकता उत्पन्न करना रहा।

**न्यायालय नजूल अधिकारी, जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.- 203/अ-6/2024-25

**-: उद्घोषणा :-**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शशांक चिंचोलकर पिता स्व. सुचित चिचोलकर निवासी बालाजी वार्ड जगदलपुर जिला बस्तर छग द्वारा नगर जगदलपुर के मोहल्ला प्रतापगंजपारा स्थित शीट नं.- 93, प्लाट नं. 136/4, 136/3,136/8 क्षेत्रफल 1430+609+260 वर्गफीट, वार्षिक भू-भाटक 891.50 रूपये की भूमि खातेदार मु. सुमन चिंचोलकर पति स्व. सुचित शैलेन्द्र चिंचोलकर, शशांक चिंचोलकर पिता सुचित चिंचोलकर के नाम पर नजूल मेन्टेनेंस खसरा मे दर्ज है। उक्त भूमि मे से अपने हक एवं अविभाजित भूमि को खातेदार मु.सुमन चिंचोलकर पति स्व. सुचित एवं शैलेन्द्र चिंचोलकर द्वारा पंजीकृत हकत्याग विलेख क्र-A1/3204 दिनाँक 20/03/2025 द्वारा भूमि हकत्याग करने के फलस्वरूप आवेदक द्वारा हकत्यागकर्तागण का नाम विलोपित कर सम्पूर्ण क्षेत्रफल पर अपना नाम नजूल अभिलेख में यथावत रखे जाने नामांतरण हेतु भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-109, 110 के अन्तर्गत आवेदन पत्र इस न्यायालय में विधिवत अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

उक्त नामांतरण में यदि किसी को भी कोई आपत्ति/दावा हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनाँक 09/07/2025 तक इस न्यायालय में आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि उपरांत प्राप्त आक्षेप पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

अतः आज दिनाँक 25/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

मुहर

नजूल अधिकारी
जगदलपुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-204/अ-6/2024-25

**-: उद्घोषणा :-**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शैलेष चिंचोलकर पिता स्व. सुचित चिंचोलकर निवासी जगन्नाथ एन्क्लेव साई मंदिर के पास महावीर नगर रायपुर जिला रायपुर छग द्वारा नगर जगदलपुर के मोहल्ला फ्रेजरपुर स्थित शीट नं.- 67, प्लाट नं. 3/1 क्षेत्रफल 2500 वर्गफीट, वार्षिक भू-भाटक 63.00 रूपये की भूमि खातेदार मु.सुमन चिंचोलकर पति स्व. सुचित शैलेन्द्र चिंचोलकर, शशांक चिंचोलकर पिता सुचित चिंचोलकर के नाम पर नजूल मेन्टेनेंस खसरा मे दर्ज है। उक्त भूमि मे से अपने हक एवं अविभाजित भूमि को खातेदार मु.सुमन चिंचोलकर पति स्व. सुचित एवं शशांक चिंचोलकर द्वारा पंजीकृत हकत्याग विलेख क्र-A1/3202 दिनाँक 20/03/2025 द्वारा भूमि हकत्याग करने के फलस्वरूप आवेदक द्वारा हकत्यागकर्तागण का नाम विलोपित कर सम्पूर्ण क्षेत्रफल पर अपना नाम नजूल अभिलेख मे यथावत रखे जाने नामांतरण हेतु भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-109, 110 के अन्तर्गत आवेदन पत्र इस न्यायालय में विधिवत अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

उक्त नामांतरण में यदि किसी को भी कोई आपत्ति/ दावा हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनाँक 09/07/2025 तक इस न्यायालय में आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है । नियत तिथि उपरांत प्राप्त आक्षेप पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

अतः आज दिनाँक 25/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

मुहर

नजूल अधिकारी
जगदलपुर

## खबर संक्षेप

### संवरेगा दलपत सागर, 9 करोड़ 88 लाख स्वीकृत : देव



**जगदलपुर।** बस्तर के ऐतिहासिक धरोहर दलपत सागर को संवारनें और कायाकल्प करने का संकल्प अब शीघ्र साकार रूप पायेगा। सौंदर्यीकरण करने के लिए मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजानांतर्गत शासन से 9 करोड़ 88 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव व वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि बस्तरवासियों की वर्षों से बहुप्रतीक्षित मांग रही कि दलपत सागर को संवारनें व सुरक्षित करने के लिये योजनाबद्ध रुप से उसका सौंदर्यीकरण होना चाहिए। मुख्यमंत्री के सुशासन में बस्तर का विकास सदैव प्राथमिकता में रहा है।

### पर्यावरण संरक्षण का संदेश देकर विद्यार्थियों को दी विदाई



**गीदम।** एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक में आयोजित कार्यक्रम में इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल ब्रांच के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। उनकी अंतिम परीक्षा के बाद कॉलेज का अंतिम दिन बड़ी खुशी के साथ मनाया गया। उन्हें एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधे वितरित किए गए। यह पर्यावरण के संरक्षण और सुरक्षा के संदेश के साथ उन्हें विदाई देने के लिए संस्थान की एक पहल थी। कुल 30 से अधिक पौधे वितरित किये गये। प्राचार्य डॉ. मुकेश ठाकुर ने बताया कि संस्थान के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को हाल ही में आयोजित कैंपस भर्ती में दो कंपनियों याजाकी इंडिया और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स में प्लेसमेंट मिला है। छात्र जल्द ही अपनी नौकरी ज्वाइन कर लेंगे।

# जैविक सुगंधित धान की खेती को बढ़ावा, श्री विधि से खेती का नया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



जिले में कृषि उत्पादकता बढ़ाने और टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग के संयुक्त प्रयासों से एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत परंपरागत जैविक सुगंधित धान की किस्मों, लोकटीमांछी, जवा फूल, जीरा फूल, नीम फूल और सुगंधा की वैज्ञानिक विधियों से खेती का प्रशिक्षण किसानों को उनके खेतों में दिया जा रहा है। इस वर्ष 6000 हेक्टेयर क्षेत्र में रोपा, कतार रोपा और श्री विधि के माध्यम से खेती का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से 1500 हेक्टेयर में विशेष रूप से श्री विधि अपनाई जा रही है। श्री विधि एक उन्नत वैज्ञानिक पद्धति है जिसमें कम बीज, कम पानी और अधिक जैविक खाद का उपयोग कर बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जाता है। इस तकनीक की प्रमुख विशेषताएं 12 से 15 दिन के स्वस्थ पौधों का कतार में रोपण, एक पौधा प्रति स्थान, जैविक पोषक तत्वों जैसे जीवामृत, गोमूत्र, वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग, तथा आवश्यकता अनुसार सिंचाई किया जाना है। यह विधि न केवल उत्पादन बढ़ाती है, बल्कि जल और संसाधनों के संरक्षण में भी सहायक है। विकासखंड दंतेवाड़ा के ग्राम चंदेनार में आज इस कड़ी में उपसंचालक कृषि सूरज पंसारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी परीक्षित मंडावी, कृषक मित्र एवं प्रगतिशील किसानों की उपस्थिति में खेतों में कतार रोपा विधि का प्रदर्शन कर किसानों को वैज्ञानिक और जैविक खेती के लिए प्रेरित किया गया।

गौरतलब है कि जिलेभर में जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु एफपीओ भूमगादी से जुड़े जैविक कार्यकर्ता, मैदानी कृषि अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। किसानों को श्री विधि और कतार रोपा का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही जैविक इनपुट जैसे जीवामृत, हंडी खाद, नीम आधारित कीटनाशी और वर्मी कंपोस्ट के प्रयोग की जानकारी भी दी जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य कृषि उत्पादकता में वृद्धि, जैविक उत्पादों की गुणवत्ता सुधार और किसानों की आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित करना है। निश्चित ही प्रशासन का यह प्रयास दंतेवाड़ा को देश के अग्रणी जैविक कृषि मॉडल जिलों की सूची में स्थापित करेगी।

### आवासीय संस्थाओं में समग्र सुधार की रूपरेखा तैयार

# आश्रम-छात्रावासों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिले के समस्त आश्रम-छात्रावासों के अधीक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य आश्रम-छात्रावासों में छात्रों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ, और सुव्यवस्थित वातावरण सुनिश्चित करना था।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने आश्रम-छात्रावासों में आवश्यक व्यवस्थाओं और सतत निगरानी के संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी आश्रम-छात्रावासों में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और जिला पंचायत सीईओ के फोन नंबर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित किए जाएं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में छात्र व स्टाफ तत्काल संपर्क कर सकें। इसके अलावा सभी संस्थाओं में भोजन व्यवस्था के तहत मेनू में एकरूपता हो, ताकि सभी बच्चों को समान और संतुलित आहार मिल सके। साथ ही नशा मुक्ति अभियान के तहत नशे के दुष्परिणामों से संबंधित बैनर अनिवार्य रूप से लगाए जाएं और निबंध लेखन, वाद-विवाद जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाए, जिससे छात्र इस विषय पर जागरूक हों।

बैठक में कलेक्टर ने आगे कहा कि प्रत्येक आश्रम, छात्रावास परिसर में एक पेड़ मां के नाम से पौधा अवश्य लगाया जाए और इसके लिए उद्यानिकी विभाग से समन्वय कर पौधे की मांग की जाए। अधीक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे संस्था में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें और किसी भी अवकाश की सूचना संबंधित मंडल संयोजक को दें। इसके अलावा हर आश्रम, छात्रावास में मेडिकल किट अनिवार्य रूप से उपलब्ध हो, ताकि प्राथमिक उपचार की व्यवस्था बनी रहे। स्वच्छता व्यवस्था को प्राथमिकता के अन्तर्गत आश्रम परिसरों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। छात्रावासों के हर कक्ष की खिड़की में मच्छरों के प्रवेश को रोकने हेतु जाली लगाना अनिवार्य होना चाहिए। जिससे मलेरिया व डेंगू जैसे रोगों से सुरक्षा मिल सके। इसके साथ ही कलेक्टर ने कहा कि कन्या आश्रमों में बिना अनुविभागीय अधिकारी की अनुमति के किसी भी पुरुष कर्मचारी का प्रवेश वर्जित रहेगा, जिससे छात्राओं की सुरक्षा और गोपनीयता बनी रहे। स्वास्थ्य परीक्षण के अंतर्गत सिकल सेल एवं एनीमिया पीड़ित बच्चों की पहचान कर सूची बनाई जाए, ताकि इन बच्चों को विशेष चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। उन्होने आगे कहा कि हर महीने पालक-बालक सम्मेलन आयोजित किया जाए, जिससे पालकों और संस्थान के बीच संवाद बेहतर हो और बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहयोग मिले। साथ ही अधीक्षकों को निर्देशित किया गया कि यदि आश्रम छात्रावासों में कोई अनुपयोगी सामग्री हो, तो उसकी जानकारी शीघ्रता से संबंधित अधिकारियों को दी जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त राजीव नाग, मंडल संयोजक सहित सभी छात्रावास अधीक्षक उपस्थित थे।

# ओबीसी महासभा ने 23 बिन्दुओं पर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा



ओबीसी महासभा छत्तीसगढ़ प्रदेश बस्तर जिला इकाई जगदलपुर के ओबीसी महासभा के पदाधिकारी सदस्य एवं ओबीसी परिवार के द्वारा 5 जुलाई दिन शनिवार को 23 बिंदुओं में समाहित अपनी महत्वपूर्ण मांगों को लेकर जगदलपुर तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा।

यह ज्ञापन प्रधानमंत्री, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री, राज्यपाल, गृहमंत्री, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री के नाम पर जगदलपुर तहसीलदार को ज्ञापन सौपा गया। ओबीसी महासभा प्रदेश इकाई से प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम साहू के निर्देशानुसार संभाग अध्यक्ष ओबीसी दिनेश यदु के नेतृत्व में , ओबीसी महासभा संभाग प्रभारी बलराम यादव, संभाग उपाध्यक्ष तुलसीराम ठाकुर, जिला अध्यक्ष मुन्नालाल यादव सहित ओबीसी महासभा के अनेक पदाधिकारी, सदस्यगण एवं ग्रामीण क्षेत्र के ओबीसी वर्ग के लोग की उपस्थिति में 23 बिन्दुओं पर मुख्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौपा गया।

# शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्ता की बारीकी से होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ नकुलनार



दंतेवाड़ा जिले के श्यामगिरी स्थित आश्रम शाला का आकस्मिक निरीक्षण जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस निरीक्षण दल में जनपद पंचायत कुआकोंडा अध्यक्ष शुकालु मुड़ामी, जनपद उपाध्यक्ष दीपिका सुमित भदौरिया, जनपद सदस्यगण, ग्राम के सरपंच, उपसरपंच, वार्ड पंच, खंड शिक्षा अधिकारी, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी मनोज राठौर तथा संकुल समन्वयक सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान टीम ने बच्चों के शैक्षणिक स्तर की बारीकी से जांच की। स्मार्ट क्लास के माध्यम से पढ़ाई की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया गया। इसके साथ ही बच्चों की स्वच्छता संबंधी जानकारी ली गई और साफ-सफाई को लेकर उनकी जागरूकता की सराहना की गई। शिक्षकों की उपस्थिति तथा समयबद्ध शैक्षणिक गतिविधियों के पालन पर भी विशेष ध्यान दिया गया। जनप्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि जो शिक्षक समय पर उपस्थित नहीं होते या लगातार अनुपस्थित रहते हैं, उनकी जानकारी प्रशासन को दी जाए।

संस्था से संबंधित सभी आवश्यक पंजियों की जांच की गई, जिनमें बालकान, पाठकान, मध्याह्न भोजन पंजी और शिक्षकों की देनांदनी शामिल रही। निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि बच्चों को मीनू के अनुसार मध्याह्न भोजन प्रदान किया जा रहा है और रसोई सामग्री की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में है। विद्यालय परिसर की सफाई, शौचालयों की स्थिति और मूलभूत सुविधाओं का भी गहन निरीक्षण किया गया। किचन गार्डन की तैयारियों पर भी चर्चा हुई, जिसे बच्चों को प्राकृतिक शिक्षा देने के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण बताया गया।

संस्था की प्रधान पाठिका शकुंतला नाग का संलग्नीकरण समाप्त कर उन्हें शीघ्र कार्यभार ग्रहण कराने के निर्देश खंड शिक्षा अधिकारी को दिए गए। साथ ही, संकुल प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक से उन शिक्षकों की सूची मांगी गई जो लगातार अपने कर्तव्यों में लापरवाही बरत रहे हैं।

# संभाग स्तरीय शतरंज स्पर्धा में शामिल होंगे 334 खिलाड़ी






हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जिला शतरंज संघ जगदलपुर के द्वारा शनिवार को प्रेस वार्ता कर रविवार को होने वाले एक दिवसीय संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के विषय में जानकारी दी गई। संघ के अध्यक्ष शशांक शेंडे एवं सचिव हितेश तिवारी ने बताया कि स्पर्धा में जिले के 334 से अधिक खिलाड़ी खेल में अपनी एकाग्रता और धैर्य का परिचय देंगे। इसमें 5 वर्ष से 72 वर्ष की उम्र के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। स्पर्धा के सभी मैच नॉक आउट आधार पर खेले जाऐंगे। 6 जून को इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम के चेस जोन में प्रातः 9.30 बजे से पांच वर्गों में स्पर्धा आयोजित की जा रही है। जिसमें अंडर 9,12,15,19 बालक-बालिका व ओपन वर्ग में महिला व पुरुष खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। सभी मैच 30 मिनट के भितर खेले जाने हैं। यह आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान में आयोजित किया गया है। सभी विजेता, उपविजेता एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार एवं शिल्ड दिए जाएंगे साथ ही स्पर्धा में दिव्यांग और व्योवृद्ध प्रतिभागियों के लिए विशेष पुरस्कार की व्यवस्था की गई है। स्पर्धा को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने हेतु प्रदेश शतरंज संघ, रायपुर से मुख्य आर्बिटर के रूप में राखी देवांगन मौजूद रहेंगी। सचिव हितेश तिवारी ने बताया कि संघ की ओर से बच्चों के लिए शतरंज कोचिंग की व्यवस्था की गई है अब तक जिले से 5 खिलाड़ी नेशनल के लिए चयनित हुए है।

- 5 वर्ष से 72 वर्ष की उम्र के खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

# ओडिशा बार्डर में वाहन का इंतजार का रहे तस्कर को नगरनार पुलिस ने पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ओडिशा से गांजा लेकर जगदलपुर की ओर आने वाहन का इंतजार कर रहे तस्कर को नगरनार पुलिस ने पकड़कर उसके कब्जे से एक लाख रूपए से अधिक का मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है।

गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के दिशा निर्देश व सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया था।

टीम के आरटीओ नाका के करीब पहुंचने पर सड़क किनारे खड़ा युवक पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। उसके पास रखे बोरी की तलाशी लेने पर नौ पैकेट गांजा बरामद मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम सुंदर बघेल 63 वर्ष निवासी रेल्वे कालोनी झोपड़ी पारा जगदलपुर का रहने वाला बताया। आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा 10.570 किलो कीमत 1 लाख रूपए तथा नगद 450 रूपए बरामद किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक सतोष सिंह के अलावा एसआई सतीश यदुराज, प्रधान आरक्षक खेदुराम ठाकुर, पीलेश्वरी साहु, आरक्षक विक्रम सिंह उरांव, यशवंत ध्रुव व डीएसएफ आरक्षक जोगेश्वर कश्यप की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अभियान के सदस्यों ने माना प्रदेशाध्यक्ष का आभार




हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर के धरमपुरा में बन रहे आधुनिक ऑडिटोरियम के लिए प्रदेशाध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव के प्रयास से सुशासन सरकार से 9 करोड़ रूपए की अतिरिक्त स्वीकृति मिली है। बस्तर के रंगकर्मियों एवं कलाकारों के लिए ये हर्ष की बात है कि इससे अब जल्द ही ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य पूरा होगा और इसका लाभ सभी को मिलेगा। शहर की सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था अभियान के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने स्थानीय विधायक किरण देव से मिलकर उनके द्वारा किए जा रहे इस विकासोन्मुख कार्य के लिए उनका एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप-मुख्यमंत्री सह लोक निर्माण विभाग मंत्री अरुण साव एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी का पुष्पगुच्छ देकर आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर अभियान के अध्यक्ष कैलाश चौहान, सचिव महेंद्र महापात्र, उपाध्यक्ष द्वय महेंद्र पांडे एवं प्रशांत दास, कोषाध्यक्ष समीर सेन, सहसचिव द्वय केतन महानंदी एवं सुलता महाराणा, पूर्व अध्यक्ष विश्वजीत भट्टाचार्य, पूर्व सचिव अफजल अली, पूर्व सहसचिव धीरज कश्यप, वरिष्ठ सदस्य प्रदीप महापात्र एवं अभियान के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# बिजली दर वृद्धि, अघोषित बिजली कटौती और स्मार्ट मीटर में खामी से जनता त्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू के आह्वान पर जुलाई से बिजली दर में वृद्धि, असमय हो रही अघोषित कटौती और स्मार्ट मीटर की खामी पर आम आदमी पार्टी का विरोध प्रदर्शन होना था। जिसे प्रशासन द्वारा अनुमति नहीं दिए जाने से स्थगित किया गया । धरना स्थल के टेंट खुलने के बाद तहसीलदार ने ज्ञापन लिया ।

प्रदेश प्रवक्ता तरुणा साबे ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार आम जनता की परेशानी को नजर अंदाज कर रही है जबकि सरकार के इन फैसलों और गैर जिम्मेदाराना रवैये से जनता त्रस्त हो गयी है। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी द्वारा जनता को हो रही इन परेशानियों पर 3 जुलाई को राज्यव्यापी बिजली कार्यालय का घेराव कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है। छत्तीसगढ़ के हर जिले में आम आदमी पार्टी द्वारा आम जनता को बिजली सम्बंधित हो रही परेशानियों को देखते हुए सरकार के फैसले और अधिकारियों की लापरवाही के खिलाफ विशाल घेराव कर प्रदर्शन किया है। छत्तीसगढ़ बिजली सरप्लस राज्य है प्राकृतिक संसाधन से परिपूर्ण,यही वजह है कि देश के 5 ऐसे प्रदेश जो बिजली देश भर के राज्य को बेचते हैं उसमें छत्तीसगढ़ भी शामिल है इसी कड़ी में आज बस्तर जिला के जगदलपुर में भी प्रदर्शन किया जाना था जिसे प्रशासन ने अनुमति का बहाना बना कर रोक दिया।

तरुणा ने कहा कि ये लोकतंत्र कि हत्या है साय सरकार किस चीज से डर रही है। प्रदेश संगठन मंत्री समीर खान ने कहा कि सरकार को अपने खर्चो में कटौती करनी चाहिए, आपने 4 कंपनी बनाई है जिसमें हर कंपनी में अधिकारी और कर्मचारी हैं, अगर 1 कंपनी होती तो अतिरिक्त 3 कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारी के वेतन और खर्चो की बचत होती। आप विद्युत कंपनियों के खर्चे कम नहीं कर रहे जिसकी भरपाई छत्तीसगढ़ की जनता से बिजली दर में बढाकर की जा रही है। बिल में हर माह ऊर्जा प्रभार के साथ अनेक गैरजरुरी चार्ज लिए जातें हैं। विगत कुछ माह पूर्व ही सरकार ने कमर्शियल का रेट बढ़ाया था जिसे व्यापारियों ने अपने सामान का रेट बढ़ाकार जनता से ही वसूला जा रहा है।

विद्युत कंपनिया छत्तीसगढ़ की जनता की जेब काटने का काम कर रहे हैं और अपने खास को निजी फायदा पहुंचाने का काम कर रहे हैं। सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए। ज्ञापन देने के दौरान धीरज जैन,अशीलाल, रामसे धनीराम, बोधुराम सागर, जोगाराम, उत्तम कोपा मंडावी, सुखमन अस्तु मंडावी, महारु यादव आदि उपस्थित रहे।

### नाले के पानी में डुबने से मृत्यु के 1 प्रकरण में 4 लाख की सहायता स्वीकृत

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रावधानों के तहत राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा प्रबंधन से पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अंतर्गत नाले के पानी में डूबने से मृत्यु के प्रकरण में मृतक गाज्जूराम भोगामी के निकटतम वारिस उनकी पत्नी श्रीमती गीता भोगामी निवासी ग्राम दोर्रागुड़ा तहसील भैरमगढ़ को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है। स्वीकृत राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए है।

